मध्य प्रदेश के खजुराहो में तीन उड़ान प्रशिक्षण संगठनों का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

25 जुलाई, 2023 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने मध्य प्रदेश के खजुराहो में तीन उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- खजुराहो में तीन एफटीओ खुलने से मध्य प्रदेश में कुल एफटीओ की संख्या छह हो जाएगी- खजुराहो में तीन, इंदौर में एक, सागर में एक और गुना में एक। ये छः एफटीओ युवाओं द्वारा क्षेत्र के विकास में योगदान सुनिश्चित करने का प्रमुख माध्यम बनेंगी।
- इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने शीघ्र ही खजुराहो से वाराणसी के बीच वाइड बॉडी एयरक्राफ्ट की सेवा आरंभ करने की घोषणा भी की।
- मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में देश में हवाई अड्डे, जल हवाई अड्डे और हेलीपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 148 हुई, जिसे आने वाले 4 सालों में हम 200 से अधिक कर पाएंगे। वहीं विमान क्षमता 400 से बढ़कर 700 हुई है, यानी 75% वृद्धि हुई है, जिसे हम आने वाले चार से पाँच सालों में 1200 से 1500 तक ले जा पाएंगे।'
- उन्होंन बताया कि 2016 में देश में केवल 28 फ्लाइंग अकादमी थी, जो अब बढ़कर 57 हो गई है। पिछले वर्ष 1135 कमर्शियल पायलट्स लाइसेंस नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी किये गए जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। इस वर्ष मात्र पाँच महीनों में वह संख्या बढ़ कर 731 हो गई है।''
- **इंडियन फ्लाइंग एकेडमी:** इंडियन फ्लाइंग एकेडमी शौर्य फ्लाइट सिम प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई है, जिसे प्रधानमंत्री द्वारा की गई 'आत्मनिर्भर भारत'पहल के तहत खजुराहो हवाई अड्डे पर स्थापित की गई है।
  - इसने 05 विमान अधिगृहित किये हैं, जिनमें से 04 पहले ही आ चुके हैं। इन 04 विमानों में से 03 विमान एकल-इंजन विमान हैं जिनमें दो डायमंड डीए 40, एक इवेक्टर और एक मल्टी इंजन विमान-डायमंड डीए 42 शामिल हैं।
  - भारतीय फ्लाइंग अकादमी में प्रति बैच उड़ान प्रशिक्षण के लिये 40 छात्रों की क्षमता होगी और एफटीओ में प्रति वर्ष 2 बैच होंगे।
- **फ्लाईओला एविएशन एकेडमी (जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड) - हेलीकॉप्टर एफटीओ:** फ्लाईओला एविएशन एकेडमी हेलीकॉप्टर एफटीओ एशिया का पहला वाणिज्यिक हेलीकॉप्टर पायलट लाइसेंस (सीएचपीएल) प्रशिक्षण संस्थान है। फ्लाईओला एविएशन एकेडमी के बेड़े में वर्तमान में दो रॉबिंसन आर 44 हेलीकॉप्टर हैं और एक समय में उड़ान प्रशिक्षण के लिये 20 छात्रों की क्षमता है।
- **फ्लाईओला एविएशन एकेडमी (जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड) - फिक्स्ड विंग एफटीओ:** फ्लाईओला एविएशन अकादमी का फिक्स्ड विंग एफटीओ मल्टी-इंजन प्रशिक्षण विमान पर प्रशिक्षण दे रहा है जिसे उच्च प्रदर्शन वाला विमान माना जाता है। फ्लाईओला एविएशन एकेडमी के ट्रेनर बेड़े में शामिल हैं: -
- फ्लाईओला एविएशन एकेडमी एक बैच में 20 कैडेट्स को प्रशिक्षित कर सकती है। इसके लिये एफटीओ के पास 04 फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-flying-training-organisations-inaugurated-at-khajuraho,-madhya-pradesh